1.प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तीन वर्ष पूरे होने पर की सराहना

2.गृह मंत्रालय ने 24 अक्टूबर को संयुक्त-राष्ट्र दिवस के अवसर पर सभी महत्वपूर्ण भवनों के ऊपर राष्ट्रीय-ध्वज के साथ संयुक्त-राष्ट्र का ध्वज लगाने का आग्रह किया

3.हरियाणा की नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 17 अक्टूबर को पंचकूला के सेक्टर 5 स्थित शालीमार ग्राउंड में होगा। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी समेत कई बड़े नेता भी होंगे शामिल।

4. प्रदेश भर की मंडिओं में धान की खरीद तेजी से हो रही है, सभी अधिकारी मंडी का दौरा कर खरीद और उठान का कार्य सुनिचत कर रहे है।

........................................................................................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तीन वर्ष पूरे होने की सराहना करते हुए कहा है कि इस पहल ने भारत के बुनियादी ढांचे को नया रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि गतिशक्ति ने मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी में महत्वपूर्ण वृद्धि की है और विभिन्न क्षेत्रों के तीव्र तथा कारगर विकास को सुनिश्चित किया है।

उन्होंने कहा कि विभिन्न हितधारकों के अबाधित एकीकरण से संभार-तंत्र मजबूत हुआ है, विलम्ब में कमी आई है और बहुत से लोगों के लिए नये अवसरों का सृजन हुआ है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि गतिशक्ति से विकसित भारत के सपने को साकार करने में गति मिल रही है और इससे प्रगति, उद्‌यमिता और नवाचार को बढावा मिलेगा।

.....................................................................

गृह मंत्रालय ने सभी केन्द्रीय विभागों, राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों के प्रशासनों से इस महीने की 24 तारीख को संयुक्त राष्ट्र दिवस के अवसर पर सभी महत्वपूर्ण भवनों के ऊपर राष्ट्रीय ध्वज के साथ संयुक्त राष्ट्र का ध्वज लगाने का आग्रह किया है। मंत्रालय द्‌वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि राष्ट्रपति भवन, उपराष्ट्रपति आवास, संसद भवन, सर्वोच्च न्यायालय भवन, राज भवनों, राज निवासों, विधान परिषद भवनों, विधानसभाओं और उच्च न्यायालयों पर संयुक्त राष्ट्र का ध्वज नहीं लगाया जाएगा।

.......................................................................

हरियाणा की नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 17 अक्टूबर को पंचकूला के सेक्टर 5 स्थित शालीमार ग्राउंड में किया जाएगा। हरियाणा में तीसरी बार बीजेपी की सरकार बनेगी और इस शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई बड़े नेता भी शामिल होंगे। शपथ ग्रहण समारोह की तैयारिओं को लेकर पूर्व सांसद व वर्तमान में कार्यक्रम प्रभारी संजय भटिया ने बताया कि संगठन के सभी कार्यकर्ता, कार्यक्रम में शामिल हो सके उसकी सारी व्यवस्था की जा रही है। इसको लेकर संगठन के उच्च अधिकारी व प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद हैं तथा

अपने-अपने कार्य में लगे हुए है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम ऐतिहासिक और यादगार बनकर सबके समृद्धि पोर्टल पर अपनी छाप छोड़े इसका प्रयास किया जा रहा है जहां एक और यह उत्सवों का समय है इसलिए इसे एक उत्सव के रूप में भी मनाया जाएगा।

.............................................

पीजीआई चंडीगढ़ में आउटसोर्स कर्मियों की चल रही हड़ताल को गंभीर मानते हुए निदेशक प्रो. विवेक लाल ने कहा कि हम अपने आउटसोर्स कर्मचारियों की चिंताओं को समझते हैं और संस्थान के भीतर उनकी भूमिकाओं के महत्व को स्वीकार करते हैं। हम इस चुनौतीपूर्ण अवधि के दौरान भी मरीजों की देखभाल के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम बातचीत के लिए तैयार हैं और मामले को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने के लिए सभी हितधारकों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ रहे हैं। हरताल के चलते, PGIMER में आपातकालीन, ट्रॉमा और आई.सी.यू सेवाएं सामान्य रूप से जारी रहेंगी, जबकि ओपीडी सेवाएं 14 को केवल फॉलो-अप मरीजों की पंजीकरण के लिए सुबह 8 से 10 बजे तक सीमित होंगी। नए मरीजों की पंजीकरण नहीं किया जायेगा और पहले से की गई ऑनलाइन पंजीकरण रद्द कर दी गई हैं। दिन में केयर यूनिट में निर्धारित कीमोथेरेपी योजना के अनुसार जारी रहेगी।पीजीआई चंडीगढ़ में आउटसोर्स कर्मियों की चल रही हड़ताल को गंभीर मानते हुए निदेशक प्रो. विवेक लाल ने कहा कि हम अपने आउटसोर्स कर्मचारियों की चिंताओं को समझते हैं और संस्थान के भीतर उनकी भूमिकाओं के महत्व को स्वीकार करते हैं। हम इस चुनौतीपूर्ण अवधि के दौरान भी मरीजों की देखभाल के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम बातचीत के लिए तैयार

हैं और मामले को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने के लिए सभी हितधारकों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ रहे हैं।

.....................................................................................................

अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल कावल्यां त्रिविक्रम प्रणायक ने आज जिला भिवानी के स्थानीय जाट भवन में दो राज रीफ वैटरन सोल्जर फैमिली के दसवें पूर्व सैनिक मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने उपस्थित पूर्व सैनिक योद्धाओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश की सेना में कई यूनिट हैं, उनमें से एक यूनिट यही है जो पूर्व सैनिक मिलन समारोह का उत्सव प्रति वर्ष आयोजित कर रही है। यह एक सामाजिक सरोकार के लिए प्रेरणादायक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि यूनिट ने पूर्व सैनिक मिलन समारोह का शुभारंभ नवंबर 2012 में किया था, तब से यह उत्सव निरंतर चलता आ रहा है। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध में राज रीफ यूनिट ने अदम्य साहस के साथ विजय हासिल करके विश्व में सुरक्षा का लोहा मनाया था। विश्व के अनेक देश कारगिल युद्ध की जीत को सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रेरणा का स्रोत मानते हैं।

बता दें कि सबसे पहले पूर्व सैनिक मिलन समारोह नवंबर 2012 की शुरुआत बहादुरगढ़ हरियाणा से ही हुई थी। इसके बाद नवंबर 2013 में मेरठ उत्तर प्रदेश में, वर्ष 2014 में टीटनवार राजस्थान में, वर्ष 2015 में राज रिफ सेंटर दिल्ली में, वर्ष 2016 में बहादुरगढ़ हरियाणा में, वर्ष 2017 में मथुरा उत्तर प्रदेश में, वर्ष 2019 में खेतड़ी राजस्थान में, वर्ष 2022 ग्वालियर मध्य प्रदेश में और वर्ष 2023 राज रिफ सेंटर दिल्ली कैंट में

आयोजित किया गया था। अगला पूर्व सैनिक सम्मेलन उत्तर प्रदेश में आयोजित किया जाएगा।

.......................................................................................

भारत सरकार ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार की घोषणा की है। राष्ट्रीय पुरस्कार शोधकर्ताओं, प्रौद्योगिकीविदों और नवप्रवर्तकों के उत्कृष्ट और प्रेरक वैज्ञानिक, तकनीकी और नवाचार योगदान को मान्यता प्रदान करता है। भिवानी के उपायुक्त महावीर कौशिक ने बताया कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी और प्रौद्योगिकी आधारित नवाचार के विभिन्न क्षेत्रों में व्यक्तियों या टीम से राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पुरस्कार विज्ञान रत्न (वीआर), विज्ञान श्री (वीएस), विज्ञान युवा व विज्ञान टीम (वीटी) श्रेणियों में दिए जाएंगे। पुरस्कारों के लिए गृह मंत्रालय के पुरस्कार पोर्टल अवॉर्ड्स डॉट जीओवी डॉट इन पर 17 नवंबर तक आवेदन किए जा सकते हैं। पुरस्कारों की घोषणा 11 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर की जाएगी।

...........................................................

भारत सरकार ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार की घोषणा की है। राष्ट्रीय पुरस्कार शोधकर्ताओं, प्रौद्योगिकीविदों और नवप्रवर्तकों के उत्कृष्ट और प्रेरक वैज्ञानिक, तकनीकी और नवाचार योगदान को मान्यता प्रदान करता है। भिवानी के उपायुक्त महावीर कौशिक ने बताया कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी और प्रौद्योगिकी आधारित नवाचार के विभिन्न क्षेत्रों में व्यक्तियों या टीम से राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि पुरस्कार विज्ञान रत्न (वीआर), विज्ञान श्री (वीएस), विज्ञान युवा व विज्ञान टीम (वीटी) श्रेणियों में दिए जाएंगे। पुरस्कारों के लिए गृह मंत्रालय के पुरस्कार पोर्टल अवॉर्ड्स डॉट जीओवी डॉट इन पर 17 नवंबर तक आवेदन किए जा सकते हैं। पुरस्कारों की घोषणा 11 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर की जाएगी।

..............................................................................

एन.आई.टी. कुरुक्षेत्र में आयोजित हो रहे सांस्कृतिक उत्सव में विद्यार्थियों के मनोरंजन के लिए संस्थान के खेल परिसर में प्रो नाईट का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक शाम में प्रसिद्ध बैंड 'अधिरोह' ने प्रस्तुति दी ।

एन.आई.टी के छात्र-छात्राओं ने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से हमें अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला है और इससे बहुत कुछ सीखने को भी मिल रहा है।

वहीं एन.आई.टी. कुरुक्षेत्र के निदेशक डॉ. बी.वी. रमन्ना रेड्डी ने कहा कि इस सांस्कृतिक उत्सव का हर वर्ष आयोजन किया जाता है। चार दिन तक चलने वाला यह उत्सव संगीत और नृत्य का अनूठा संगम है। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं उत्साह के साथ हिस्सा ले रहे हैं और बड़ा आनंद उठा रहे हैं।

..............................................................................................

लंपी वायरस से निपटने के लिए पशुपालन विभाग ने प्रदेश भर में वैक्सीन अभियान चलाया हुआ है।जिला जींद में 275 कर्मचारियों की

टीम अब-तक 82 हजार 60 पशुओं को लंपी वायरस से बचाव के लिए वैक्सीन लगा चुकी है। लंपी वायरस ज्यादातर गोवंश की ही प्रभावित करता है। वर्ष 2022 में जिला में लंपी वायरस के मामले 600 से अधिक मिले थे। और अनेक पशुओं की मौत भी हो गई थी इन्हीं आशंका के मध्यनजर रखते हुए पशुपालन विभाग ने समय से पहले ही लंपी वायरस की दवा का अभियान प्रदेश भर में चलाया हुआ है। और पशुपालन विभाग की टीम इसके तहत जिला मुख्यालय पर नंदीशाला में पहुंची जहां पशुपालन विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक बलवंत की देखरेख में पशुओं को लंपी वायरस की दवा के टीके लगाए गए। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए डॉक्टर बलवंत ने बताया कि जिला में अब तक 82 हजार से अधिक गोवंश को वैक्सीन लग चुकी है।

........................................................................................................

भिवानी के उपायुक्त माहाबीर कौशिक ने कहा कि जिला के किसानों को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा धान की फसल अवशेष को मशीनों द्वारा प्रबंधन करने पर एक हजार रुपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जाती है। फसल अवशेष प्रबंधन का लाभ मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पर धान की फसल के लिए पंजीकृत किसान लाभ ले सकते हैं। इसके लिए किसान 30 नवंबर तक एग्रीहरियाणाडॉटजीओवीडॉटइन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना होगा। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डा. विनोद फोगाट ने बताया कि गैर बासमती व मूल धान किस्म के अतिरिक्त बासमती धान के अवशेषों का भी इन सीटू, एक्स-सीटू मशीनों द्वारा प्रबन्धन किए जाने पर भी एक हजार रूपये प्रति एकड प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। उन्होंने बताया कि फसल अवशेष

प्रबंधन स्कीम के तहत धान की फसल अवशेषों को मिट्टी में मिलाने से मिट्‌टी की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी व वातावरण को स्वच्छ रखने में सहायता मिलेगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 23-24 में जिले के किसानों को इस योजना के तहत लगभग 38 लाख रूपए किसानों को प्रोत्साहन राशि वितरित की गई थी।

..........................................................................................